डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 88 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 06 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया




## टीआई पर भूमाफियाओं से मिलकर दुकानें खाली कराने के लिए दबाव का आरोप

### टीआई ने कहा-आरोप गलत

**पिपलिया मंडी, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर के चौपाटी क्षेत्र में अजय टॉकीज परिसर के सामने बनी दुकानों को भूमाफियाओं से मिलीभगत कर दबाव बनाकर खाली करवाने का आरोप दुकानदारों ने पिपलिया मंडी थाने के टीआई नीरज सारवान पर लगाया है। दुकानदारों ने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन व पुलिस कप्तान को भी की है।

दुकानदार इन्द्रदेव पिता मोतीराम पाटीदार व मनोहर पिता शांतिलाल पालीवाल ने मंदसौर पुलिस कप्तान को दिए आवेदन में बताया कि वर्ष 2008 में दो दुकानें कपिल पिता शांतिलाल कुमठ से गिरवी ली थी, जिसके समस्त दस्तावेज भी हमारे पास है। विद्युत कनेक्शन भी पृथक-पृथक दोनों के नाम से है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि 15 वर्ष से वे टॉकीज परिसर में बनी दुकानों पर अपना व्यवसाय कर रहे है। लेकिन, पांच माह पूर्व टॉकीज को पुलिस बल की उपस्थिति में तोड़ दिया गया। उसके बाद 1 माह से पुलिस हम पर दुकानें खाली कराने के लिए दबाव बना रही है। हमें यह पता नही है टॉकीज परिसर किसने लिया है। टीआई नीरज सारवान रोज पुलिसकर्मियों को हमारी दुकान पर भेज रहे है और बोल रहे है कि साहब बुला रहे है। 29 दिसम्बर 2023 को जब हम थाने पर गए तो टीआई नीरज सावान ने कहा कि दुकानें खाली कर देना, नही तो तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई कर दूंगा। टीआई द्वारा धमकाने के बाद हमने मंदसौर पुलिस कप्तान को शिकायत की। उसके बाद भी टीआई नीरज सारवान रोज हमारी दुकान पर पुलिस वालों को भेजकर दुकानें खाली करवाने के लिए दबाव बना रहे है। शुक्रवार को टीआई सारवान ने फिर मोबाइल पर कॉल कर हमें बुलाया। हमने जब कहा कि हमने सभी दस्तावेज पुलिस कप्तान को की शिकायत में दे दिए है तो भी टीआई द्वारा बोला जा रहा है कि तुम मेरे पास आओ और मुझे बताओ क्या शिकायत की। दुकानदारों ने बताया टीआई नीरज सारवान द्वारा हमें जबरन परेशान किया जा रहा है। दुकानों पर नियमानुसार पिछले 15 वर्षों से हमारा हक है। लेकिन टीआई हमें, हमारे परिवार व हमारे यहां कार्य करने वाले मजदूरों को बेरोजगार करने का प्रयास कर रहे है।

**इनका कहना...**

सभी आरोप गलत है। जिन्होंने जमीन ली है, उन्होंने पुलिस थाने पर आवेदन दिया है। उसके बाद हमने दोनों दुकानदारों को बयान लेने के लिए बुलाया। लेकिन, वे आए नही, उनके पास कोई दस्तावेज भी नही है।

## नाबालिग को अहमदाबाद से दस्तयाब किया

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊपुलिस ने गुमशुदा नाबालिग को अहमदाबाद से दस्तयाब किया है।

पुलिस ने बताया कि 20 दिसंबर 2023 को सूचनाकर्ता द्वारा अपने घर ग्राम लदुना से नाबालिग बालिका के अपहरण होने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। रिपोर्ट पर से थाना सीतामऊ पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। बाद थाना प्रभारी द्वारा टीम गठित कर घटना स्थल, अन्य संभावित स्थानो पर तलाश करते विश्वसनीय मुखबीरो एवं .... **शेष पेज 4 पर**

# नर्सिंग कॉलेज परीक्षा: सीबीआई के रिपोर्ट सौंपने पर बंधी आस

### चुनाव पहले विद्यार्थी कर चुके हैं आंदोलन, फर्जीवाड़े की आशंका में हजारों विद्यार्थियों के भविष्य पर मंडरा रहा खतरा




**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नर्सिंग कॉलेजों में फर्जीवाड़े की आशंका के चलते नर्सिंग विद्यार्थियों के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। मंदसौर-नीमच में ही पांच सौ से ज्यादा विद्यार्थियों को परीक्षा का इंतजार है। इसको लेकर चुनाव पहले विद्यार्थी मंदसौर-नीमच के साथ प्रदेशभर में अलग-अलग जगहों पर आंदोलन कर चुके हैं। हालांकि, अब जल्द राहत मिलने की संभावना नजर आ रही है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सीबीआई से नर्सिंग कालेज फर्जीवाड़े की जांच 15 दिन में पूरी करने के आदेश दिए हैं। इस मामले में चीफ जस्टिस रवि मलिमथ और जस्टिस विशाल मिश्रा की बेंच में सुनवाई हुई। इस दौरान सीबीआई ने 254 कॉलेजों की अंतरिम जांच रिपोर्ट बंद लिफाफे में हाईकोर्ट में पेश की। बाकी बचे नर्सिंग कॉलेजों की जांच के लिए सीबीआई ने हाईकोर्ट से एक माह का समय मांगा था। जिसे कोर्ट ने ठुकरा दिया। सीबीआई को 15 दिनों में जांच पूरी करने के आदेश दिए है। मामले मे अगली सुनवाई 17 जनवरी को होना है।

### यह हैं मान्यता के नियम..?

इंडियन नर्सिंग काउंसिल के नियमानुसार बीएससी नर्सिंग कॉलेज खोलने के लिए संस्था के पास कम से कम 100 बेड का हॉस्पिटल होना जरूरी है। आदिवासी और पहाड़ी इलाकों में इसके अलग नियम हैं। संस्था का प्राइवेट या पब्लिक ट्रस्ट के रूप में रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। 60 छात्रों वाले कॉलेज का एरिया 23 हजार 200 वर्ग फीट जरूरी है। अगर नर्सिंग कॉलेज हॉस्पिटल के अंदर ही संचालित हो, तो उसके लिए स्वतंत्र रूप से इतने ही एरिया का फ्लोर होना चाहिए। 21 हजार 100 वर्ग फीट का हॉस्टल ब्लॉक होना चाहिए, जिसमें 30 छात्रों के लिए आवासीय सुविधा अनिवार्य है। बीएससी नर्सिंग के 40 से 60 स्टूडेंटस के लिए प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल को मिलाकर कम से कम 16 टीचिंग फैकल्टी होने चाहिए। शिक्षक और छात्रों का अनुपात 1:10 होना अनिवार्य है। हकीकत ये है कि कॉलेजों में 1:10 में शिक्षक और छात्रावास की सुविधा जैसी चीजें तो कहीं दूर-दूर तक नर्सिंग कॉलेजों में नहीं दिखती। इसके उलट बड़ी संख्या में यहां के नर्सिंग कॉलेजों में फेक फैकल्टी के मामले भी सामने आते रहते हैं।

### जांच और कॉलेजों की मनमानी में पीस रहे छात्र...

हालत ये है कि जिन स्टूडेंटस को अब तक डिग्री मिल जानी चाहिए थी, वे फर्स्ट ईयर की परीक्षा के परिणाम का ही इंतजार कर रहे हैं। जांच और नर्सिंग कॉलेजों की मनमानी के बीच छात्र पीसा रहे हैं। क्योंकि नर्सिंग कॉलेज खुलकर कहते हैं कि वे मानकों का पालन नहीं करेंगे। क्योंकि, उनके पैसे तो अफसरों की जेब भरने में खत्म हो जाते हैं। ऐसे ही करीब 375 नर्सिंग कॉलेजों की जांच सीबीआई कर रही है।

### मामले में सरसरी जानकारी...

असल में फर्जी नर्सिंग कॉलेजों ने कागजों में खुद के यहां 100 या इससे ज्यादा बेड की जानकारी दी हुई थी। मंदसौर में भी यही स्थिति है। कोविड के समय अफसरों ने इनसे संपर्क करके मरीजों के लिए बेड मांगे। इसके बाद पोल खुल गई।जांच के दौरान अनियमितताएं सामने आने लगीं। फिर कोर्ट में भी याचिका लगाई गई। व्यापमं की तर्ज पर ही मध्यप्रदेश में नर्सिंग घोटाला सामने आया। पता चला कि नर्सिंग काउंसिल की तरफ से ऐसे कॉलेजों को भी मान्यता दी गई, जो दूर-दूर तक मानकों को पूरा नहीं करते। कई कॉलेज एक मकान में या कुछ कमरों में संचालित थे, तो कई सिर्फ कागजों में चल रहे थे।

## नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायधीश पॉक्सो एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी देवीसिंह पिता मांगूसिंह



राजपूत उम्र 30साल निवासी ग्राम बसई थाना सुवासरा जिला मंदसौर को नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ के अपराध में दोषी पाते हुए 5 वर्ष का सश्रम कारावास और अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 11 मार्च 2023 को फरियादिया ने थाना सुवासरा पर रिपोर्ट किया कि शाम करीब 6 बजे मेरे पति मोटरसाईकिल से बस स्टैण्ड तरफ गये थे तभी उनके पीछे पीछे मेरी पोती जिसकी उम्र 8 साल है चली गई थी, जो कि पीछे रह गई थी वह सरकारी स्कूल के सामने पहुंची, वहां पर गांव का देवीसिंह पिता मांगूसिंह बैठा था। उसने मेरी पोती को बुलाया और बुरी नियत से दोनों हाथ पकड़कर अश्लील (गलत) शब्द कहे। ऐसा कहते हुए मेरी पोती को उसकी तरफ खींचा तो मेरी पोती घबरा गई और वहां से भागकर घर आ गई। फिर उसने सारी बात आकर मुझे बताई, मैने मेरे बेटे को जानकारी दी। फिर पीड़िता और मेरे बेटे के साथ थाने पर रिपोर्ट करवाने आई। फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपी देवीसिंह पिता मांगूसिंह के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्कों से सहमत होकर आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्रीमती दीप्ति कनासे द्वारा किया गया।

## किसान की जेब से उड़ाए थे 50 हजार रुपए नौ हजार बरामद, जेबकतरा गिरफ्तार

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंडी से उपज बेच कर घर जा रहे किसान की जेब से 50 हजार रुपए निकालने वाले बदमाश को शहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शहर कोतवाली प्रभारी एसआई रितेश नागर ने बताया की 22 नवंबर 23 को हीरालाल पिता भागीरथ पाटीदार निवासी कुचडोद थाना अफजलपुर ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

शिकायत में कहा गया था कि उसने मंदसौर कृषि उपज मंडी में 50 हजार की लहसुन बेचकर अपने घर जा रहा था। इस दौरान शहर के नेहरू बस स्टैंड पर शाम करीबन 6 बजे कोई अज्ञात बदमाश उसकी जेब में रखे 50 हजार रुपए के साथ लहसुन विक्रय की रसीद चुरा ले गया। फरियादी की शिकायत पर शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस द्वारा बस स्टैंड और इसके आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालने पर आरोपों की तस्वीर मिली। इसके आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की गई। सीसीटीवी कैमरों से मिले फुटेज और मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी मोहम्मद सिकन्दर पिता मोहम्मद इस्माइल उम्र 42 साल निवासी इन्द्रा कालोनी झुग्गी झोपडी मंदसौर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 9 हजार रूपए और लहसुन बेचने की रसीद भी बरामद की है। मामले में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## टायर की दुकान में लगी आग, कंप्रेशर फटा

**नीमच, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावद तहसील मुख्यालय के नयागांव क्षेत्र में टायर की दुकान में आग लग गई। इसके बाद गैस की टंकी में ब्लास्ट हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार नयागांव फोरलेन पर स्थित टायर की दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से दुकान में रखे सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं दुकान में रखा हवा भरने के कम्प्रेशर में आग लगने से सिलेंडर में विस्फोट हो गया। यह विस्फोट इतना भयानक था कि इसकी गूंज आस-पास के इलाके में सुनाई दी। सिलेंडर... **शेष पेज 4 पर**



## अदालत के आदेश से स्टेशन रोड़ पर चली नपा की जेसीबी

### पूर्व सीएम को भजिए खिलाने वाली दुकान को भी हटाया, नई जगह स्थापित करने का आश्वासन

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अदालत के आदेश पर नगर पालिका और प्रशासन ने शुक्रवार को शहर के स्टेशन रोड़ स्थित करीब छह अवैध दुकानों को हटाया। राजनीतिक संरक्षण के चलते कुछ लोगों ने स्टेशन रोड़ की सड़क पर गुमटियां और पक्की दुकान का निर्माण कर अतिक्रमण किया था। कई बार शिकायत के बाद भी नगर पालिका ने अतिक्रमण नहीं हटाया था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने अदालत में जनहित याचिका लगाई। अदालत के आदेश पर नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाया। बीती 8 दिसंबर 2022 को मंदसौर गौरव दिवस के अवसर पर शहर आए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहीं पर भजिये खाए थे तब भी मामला कोर्ट में विचाराधीन था। हालांकि, भाटी जी भजिये वाले को अन्यत्र दुकान के लिए जगह देने का वादा किया गया है।

दरअसल स्टेशन रोड के यू-टर्न पर करीब 8-10 लोगों ने अतिक्रमण कर वहां खोखे और पक्के निर्माण कर लिए थे। इससे अभिनंदन क्षेत्र से आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। इस सड़क से पटरी पार रहने वाले करीब 20 हजार लोगों का आवागमन होता है। अंधे मोड़ पर अतिक्रमण के कारण स्कूली बसों सहित रोजमर्रा के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नगर पालिका के जिम्मेदारों को कई बार शिकायत के बाद भी जब अतिक्रमण नहीं हटा तो एडव्होकेट और कांग्रेस नेता राघवेंद्र सिंह तोमर सहित 13 लोगों ने कोर्ट की शरण लेते हुए 3 दिसंबर 22 को जनहित याचिका लगाई थी। एक साल चली सुनवाई के बाद 20 नवंबर को कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। इसमें भी नगर पालिका को दो माह का वक्त लग गया। लेकिन, आखिरकार शुक्रवार दोपहर नगर निगम का अमला जीसीबी-बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचा और अतिक्रमण हटा दिया।

## 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा 6 मार्च से

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में 5वीं और 8वीं बोर्ड की परीक्षा 6 मार्च से शुरू होंगी। जो 14 मार्च तक चलेंगी। राज्य शिक्षा केंद्र ने गुरुवार टाइम टेबल जारी किया है। परीक्षा में प्राइवेट और शासकीय स्कूलों के विद्यार्थी शामिल होंगे। दोनों ही परीक्षाओं में समय सुबह 9 बजे से 11.30 बजे तक रहेगा। 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा में इस साल करीब 24 लाख स्टूडेंटस शामिल होंगे। पिछले साल 22 लाख से अधिक स्टूडेंटस शामिल हुए थे। 8वीं में सरकारी स्कूल के 8.30 लाख और प्राइवेट स्कूल के 8.40 लाख छात्र परीक्षा देंगे। वहीं 5वीं कक्षा में सरकारी स्कूल के 6.75 लाख और प्राइवेट स्कूल के 7.75 लाख छात्र शामिल होंगे।

## मजदूर के बेटे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समझते हैं आम आदमी का दर्द...

**मंदसौर/उज्जैन, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल के नायक बन डॉक्टर मोहन यादव ने शासन तंत्र संभालते ही प्रदेश में होने वाली घटनाओं पर जिस दर्जे के निर्णय लिए हैं, उन्हें देख सुन अति सीमित समय में आमजन उनमें एक नायक की छवि देखने लगा है। डॉक्टर यादव की कार्यप्रणाली को अब दूसरे प्रदेशों का जनमानस भी सराह रहा है। प्रदेश में तो सर्वविदित है कि विपक्ष के नेता उमंग सिंघार और राज्यसभा सांसद अधिवक्ता विवेक तंखा भी प्रसंशा कर चुके हैं। प्रशासनिक अधिकारियों पर कसावट के अलावा भी मुख्यमंत्री व्यापक विजन रखते हुए जिस तरह के निर्णय और घोषणाएं कर रहे हैं, उससे प्रदेश का प्रत्येक वर्ग का नागरिक प्रभावित हो रहा है। यह भी कि अगर इसी तरह प्रदेश की प्रगति के लिए शैक्षणिक, औद्योगिक, कृषि और अंतिम लाइन के आम आदमी पर ध्यान देते रहे तो मुख्यमंत्री का कार्यकाल मिल का पत्थर साबित होगा।



चन्द्रमोहन भगत

डॉक्टर मोहन यादव के जिस निर्णय की चर्चा देश भर में हो रही है, वह शाजापुर कलेक्टर का ट्रक चालक की औकात दिखाने वाला मामला है। शाजापुर कलेक्टर किशोर कन्याल को ट्रक चालक की औकात याद दिलाने की सजा देकर नायक मुख्यमंत्री देश भर में चर्चित हो प्रशंसा पा रहे हैं। इसके पहले गुना के बस दुर्घटना वाले मामले में भी पहली बार सीधे ट्रांसपोर्ट आयुक्त से लेकर संबंधित एसआई और आरटीओ पर भी तत्काल कार्रवाई को अंजाम दिया गया था। इसके पहले भी ऐसी बस दुर्घटनाएं होती रही है। किन्तु, कार्यवाही संबंधित थाना और आरटीओ तक ही सीमित रही थी। ट्रांसपोर्ट आयुक्त कार्यालय तक कभी भी नहीं पहुंच पाई थी। यह फर्क नजर आया नायक मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के राज में, अब तक पटवारी किसी भी तहसील के हल्के में पदस्थ होता था, पर रहता था मुख्यालय या शहर में। अब उसे जहां पदस्थ है, वहीं रहना होगा। ताकि वहां के आम रहवासियों को पटवारी के कार्यालय आने का इंतजार ना करना पड़े।

उज्जैन स्थित जंतर-मंतर की कालजयी घड़ी जो वर्षों से दिन-रात की समय गणना बताती रही, उसे वर्तमान शिक्षा और रिसर्च से जोड़कर दुनिया भर के सटीक समय और कालगणना के लिए आदर्श बनाया जाएगा। इंदौर की हुकुमचंद मिल मजदूरों को उनके भुगतान का पैसा देने की घोषणा ने प्रदेश भर के कपड़ा मिल मजदूर वर्ग में हर्ष का संदेश दे डाला। उल्लेखनीय है कि मालवा क्षेत्र में जितनी भी कपड़ा मिलें थी, आज सभी बंद हो चुकी है। इनमें से कुछ मिल मजदूरों की बकाया राशि के मामले आज भी न्यायालय में चल रहे हैं। हुकुमचंद मिल की तरह बाकी मिल मजदूरों में भी मुख्यमंत्री के निर्णय ने उम्मीदें जगाई है।

अगर किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री एक जमीनी आम आदमी की औकात नापने के बदले में जिला कलेक्टर को नाप देने की हिम्मत रखता है तो स्वाभाविक है कि इसी एक कार्रवाई से ही प्रदेश भर के जमीनी आम आदमी की रक्षा के लिए यह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की गारंटी मानी जा रही है। आम आदमी को मुख्यमंत्री के निर्णय से पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की कार्रवाई याद आने लगी है। जिसमें उनसे ही रिश्वत मांगे जाने पर उत्तर प्रदेश के एक पुर थाने के स्टाफ को निलंबित किया गया था। डॉक्टर मोहन यादव को मुख्यमंत्री बने पूरा महीना भी नहीं बीता है कि जो उनके मुख्यमंत्री बनने पर संशय जाहिर कर रहे थे, अब प्रशंसा कर रहे हैं। उनके ही आलोचक अब प्रशंसा करते थक नहीं रहे हैं। यह जग जाहिर है कि सर्वप्रिय शासक वही कहलाता है जो अपने ही शासन तंत्र की समझ रखता हो और उस पर अंकुश भी। फिर अभी तक प्रशासनिक अधिकारियों की पदस्थी पर भी नजर रखे हुए हैं। इनकी सर्जरी भी प्रदेश की आम जनता और प्रगति के लिए करना बाकी है। अभी तक डॉक्टर यादव ऐसे ही जनप्रिय शासक नजर आए हैं। एक मजदूर परिवार से निकले, जानते हैं कैसे पढ़ने के लिए कठिनाई से संसाधन जुटाए जाते हैं। विकट परिस्थितियों में विरोधी सरकार के दौर में संघ, विद्यार्थी परिषद फिर भाजपा तक कड़ी मेहनत, समर्पण और संघर्ष कर अपना स्थान बनाते हुए आगे बढ़ते रहे हैं। छात्र जीवन की गतिविधियों के कारण प्रदेश भर को अच्छे से देखा समझा है। इन्हीं अनुभवों से डॉक्टर मोहन यादव परिपक्वता पा चुके मध्य प्रदेश के सफल नायक मुख्यमंत्री का आकार लेते नजर आ रहे हैं।



## माही का चयन, बधाई दी

**मनासा, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय स्कूल शतरंज प्रतियोगिता के अंडर



17 बालिका वर्ग में मध्यप्रदेश की ओर से कार्मेल कांवेंट स्कूल मनासा क्लास 9वी की छात्रा माही सुपुत्री प्रमोद समदानी ने भाग लिया। प्रदेश की टीम में कुल 5 प्रतियोगी चयनित हुए थे। राज्य स्तरीय प्रदर्शन के आधार पर यह प्रतिस्पर्धा तमिलनाडु के वेल्लूर में दिनांक 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक खेली गई। जिसमे राज्यस्तरीय टीम का सराहनीय प्रदर्शन रहा। मध्यप्रदेश की तरफ़ से राष्ट्रीय स्तर पर हिस्सा लेने की इस महती उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा बालिका को बधाई देते हुए सफलता की कामना करी।

## देवड़ा आज विकसित भारत संकल्प यात्रा में होगें शामिल

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** संयुक्त कलेक्टर ने बताया



कि उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा 6 जनवरी को प्रात: 11.30 बजे ग्राम ढिकन्या में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होगें एवं दोपहर 2.30 बजे ग्राम बाबूखेडा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होगें।

# मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन आज, नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए चलेगा विशेष अभियान

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण -2024 अंतर्गत 6 से 22 जनवरी तक मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां 6 जनवरी से शुरू हो रही है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों के अंतर्गत 6 जनवरी को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी और उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप की सीडी उपलब्ध कराई जाएगी। 6 जनवरी को ही मतदान केंद्र और जिला स्तर पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। प्रदेश के समस्त बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थिति रहेंगे। 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे। इस संबंध में सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

**13 एवं 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर**-फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

**22 जनवरी तक लिए जाएंगे आवेदन**-मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन लिए जाएंगे। जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन Voter Helpline App Am¡a voters.eci.gov.in/ इन के माध्यम से किया जा सकता है। ऑफलाइन आवेदन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।



# श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव 'विजय भव' का हुआ उद्घाटन

### सांसद गुप्ता, पूर्व विधायक सिसौदिया, नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने की सहभागिता

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय के 54वें वार्षिकोत्सव विजय भव: का शुक्रवार को भव्य समारोह में शुभारंभ हुआ। वार्षिकोत्सव के उद्घाटन समारोह में पधारे अतिथिगणों सांसद श्री सुधीर गुप्ता, पूर्व विधायक व लॉ कॉलेज के ट्रस्टी श्री यशपालसिंह सिसौदिया, विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सह प्रमुख व शिक्षाविद श्री गुरूचरण बग्गा, लॉ कॉलेज के पदेन अध्यक्ष एवं नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने मॉ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके 54वें वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से हुडको के डायरेक्टर बंशीलाल गुर्जर, लॉ कॉलेज के सचिव रघुवीरसिंह चुण्डावत, ट्रस्टीगण श्री गोपालकृष्ण पाटील, डॉ. क्षितिज पुरोहित, श्री सुखलाल पाटीदार, पार्षद दीपक गाजवा, कन्या महाविद्यालय प्राध्यापक प्रो. पी.एल. पाटीदार, लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुणाल शक्तावत भी मंचासीन थे। सभी अतिथिगणों को नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

सांसद श्री गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि भारत के प्राचीन समय से ही न्याय व्यवस्था का अपना स्वरूप रहा है। वर्तमान समय में केन्द्र की मोदी सरकार ने इस न्यायिक व्यवस्था को ओर बेहतर करने के लिये भारतीय दण्ड संहिता में भी परिवर्तन किया है। इससे देश में न्याय व्यवस्था को समझने समझाने में और सुविधा होगी। भारत गुलामी के चिन्हों को हटाकर नये भारत का संकल्प पुरा करने की ओर अग्रसर है और देश में नई सोच बडी है। पूर्व विधायक श्री सिसौदिया ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि मैं इसी महाविद्यालय का छात्र रहा हूँ और मैंने 1 वर्ष तक कोर्ट में वकालात भी की है। बाद में जनप्रतिनिधि की भूमिका के कारण मैं अभिभाषक के दायित्व से मैं स्वयं पीछे हटा हूँ। आपने लॉ कॉलेज ट्रस्ट की संरचना का जिक्र करते हुए कहा कि इस लॉ कॉलेज का अध्यक्ष नपाध्यक्ष होगा जब इसकी जानकारी मुझे हुई तो मैंने कलेक्टर को पत्र लिखकर लॉ कॉलेज का दायित्व संभाला तब से नपाध्यक्ष के पास ही लॉ कॉलेज का भी कार्यभार है। लॉ कॉलेज के विद्यार्थी विधि की शिक्षा को गंभीरता से ले। विधि की शिक्षा जीवन भर काम आती है। मैंने जो विधि का ज्ञान प्राप्त किया वह मेरे जनप्रतिनिधि के दायित्व में भी काम आया है।

विहिप के श्री गुरूचरण बग्गा ने वार्षिकोत्सव की सार्थकता पर विचार रखते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते है। इसलिये वार्षिकोत्सव की सभी गतिविधियों में विद्यार्थी भाग ले। नपाध्यक्ष एवं लॉ कॉलेज की पदेन अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने सभी विद्यार्थियों को वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दी और कहा कि लॉ कॉलेज ट्रस्ट विद्यार्थियों के हितों के लिये पूरे समर्पित भाव से काम कर रहा है। और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं देने हेतु प्रयासरत है। कार्यक्रम में वार्षिक गतिविधि का प्रतिवेदन सचिव श्री रघुवीरसिंह चुण्डावत ने प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक सर्वश्री प्रवीण चौधरी, सीमा श्रीमाल, रूचिकुंवर देवड़ा, चंचल शर्मा, मेना भावसार, दीपक बैरागी, तरूण शर्मा, नंदकिशोर पाटीदार, राजेश नोगिया, चेतना धनगर, राजेश कोशिक, पूजा चुण्डावत, कुलदीप वर्मा, शांतिलाल चौहान आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री वर्षाकुंवर झाला ने किया तथा आभार प्राचार्य डॉ. कुणाल शक्तावत ने माना।



# तेलिया तालाब पर बनेगा पंछी घर

### नपा अध्यक्ष सहित अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी पंछी प्रेमी संस्था पंछी बचाओ अभियान के संस्थापक राकेश भाटी ने बताया कि संस्था लगातार पंछियों के हित में कार्य कर रही है, इसी कड़ी में पंछियों को धूप बारिश ओलावृष्टि से बचाने के उद्देश्य से शहर के तेलिया तालाब पर पंछी घर बनाने का संकल्प लिया गया, इसी उद्देश्य को लेकर लगातार जन सहयोग से पंछी बचाओ अभियान की पूरी टीम कई महीनों से इस कार्य में लगी हुई थी इस पुनीत परोपकार के कार्य में भूमि हेतु नगर पालिका में पंछी घर की स्वीकृत हेतु आवेदन दिए गए थे नगर पालिका अध्यक्ष रामादेवी गुर्जर और पार्षदों की सहमति से तेलिया तालाब पर पंछी घर के लिए भूमि का निरीक्षण किया, संस्था के अंकित बैरागी ने बताया कि इस पंछी घर में हजारों पक्षी निवास करेंगे और लगभग 61 फिट का ये पंछी टावर बनेगा, पहला टावर नपा.के सहयोग से तेलिया तालाब पर बनेगा, वही दूसरा पंछी टॉवर भी संस्था द्वारा जल्द ही जगह सुनिश्चित कर बनाया जाएगा। इस अवसर पर मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रामादेवी गुर्जर, हुडको डायरेक्टर भारत सरकार श्री बंशीलाल गुर्जर, सीएमओ सुधीर सिंह, पंछी बचाओ अभियान के संरक्षक विनय दुबेला, न.पा.कार्यपालन यंत्री पी एस धार्वे, पार्षद प्रतिनिधि नंदलाल गुजरिया, भाजपा नेता संजय गोयल आदि मौजूद थे, पंछी बचाओ जिलाध्यक्ष अनिल कियावत द्वारा इस पुनीत कार्य के लिए नगर पालिका का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ओम कुमावत ने दी।

# नशीले पदार्थो की बिक्री के विरूद्ध संयुक्त रूप से अभियान चलाया जावे-जैन

### नारकोटिक्स समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**नीमच, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम एंव बेहतर समन्वय के लिए (NCORD) नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्टर एंव जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन की अध्यक्षता में डीएनसी कार्यालय नीमच में आयाजित की गई। बैठक में उप नारकोटिक्स आयुक्त श्री संजयकुमार, प्रबंधक अल्कोलाईड फेक्ट्री श्री नरेश बुंदेल, एडीएम सुश्री नेहा मीना, पुलिस अधीक्षक श्री अमितकुमार तोलानी, सहायक नारकोटिक्स आयुक्त श्री राजेश पारेख, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया सहित समिति के सदस्यगण एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने निर्देश दिए, कि जिले के शहरी क्षेत्रों में स्कूलों एंव उसके आसपास तम्बाकू नियंत्रण, तम्बाखू की बिक्री के विरूद्ध संयुक्त रूप से अभियान चलाया जावे और प्रभावी कार्यवाही की जाये। कलेक्टर ने राजस्व, पुलिस, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को संयुक्त टीम गठित कर, कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में निर्देश दिए गये, कि नशामुक्ति के प्रति जन जागरूकता के लिए जिले में अभियान चलाया जाये। स्कूलों अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में आमजनों और छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति के लिए व्यापक स्तर पर शपथ दिलाई जाये। बैठक में निर्णय लिया गया कि अफीम व अन्य मादक प्रदार्थ की अवैध खेती की रोकथाम के लिए वन, कृषि व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से ड्रोन के माध्यम से निगरानी एवं सर्वे के लिए कार्यक्रम तैयार कर, सर्वेक्षण का अभियान चलाया जाये। कलेक्टर ने इसके लिए दिन प्रतिदिन का कार्यक्रम निर्धारित कर, प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पूर्व बैठक में लिए गये, निर्णयों के पालन प्रतिवेदन पर भी चर्चा की गई और सभी विभागों द्वारा की गई कार्यवाही का प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री जैन ने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्व य से परिणाममूलक कार्यवाही करने और प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होने बगैर बिल के अन्य जिलों, प्रांतो, स्थापनों से यात्री वाहनों में परिवहन कर, लाई व ले जाई जा रही धूम्रपान सामग्री के विरूद्ध भी कडी कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही परिवहन विभाग को अवैध रूप से यात्री वाहनों में लगेज व अन्य खाद्य सामग्री, उपजों का परिवहन करने वाले वाहनों की आकस्मिक जॉच कर, कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गये। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, आबकारी, कृषि, वन, सामाजिक न्याय, नशामुक्ति केन्द्र के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# श्री राम राज्य स्थापना जन जागरण यात्रा को लेकर बैठक आज

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आगामी मे 22 जनवरी को अयोध्या में श्री



राम लाल के मंदिर का प्रतिष्ठा महोत्सव होगा इसी परिपेक्ष में 12 जनवरी को मंदसौर नगर में श्री राम राज्य स्थापना जन जागरण यात्रा का आगमन होगा। इस यात्रा के सूत्रधार अंचल के सुप्रसिद्ध संत महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी 1008 श्री मधुसूदन आनंद जी महाराज हैं। स्वामी जी ने बताया कि इस यात्रा में अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परम पूज्य श्री रवींद्र पुरी जी महाराज अयोध्या से विशेष रूप से पधारेंगे साथ ही प्रदेश के शहरी विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी सम्मिलित होंगे उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध टीवी सीरियल रामायण में श्री राम और सीता का अभिनय करने वाले सुप्रसिद्ध अभिनेता अभिनेत्री श्री अरुण गोविल और दीपिका चिखलिया के भी इस यात्रा में सम्मिलित होंगे। यात्रा की तैयारी को लेकर एक आवश्यक बैठक नगर पालिका सभागार में 6 जनवरी शनिवार को दोपहर 2:30 बजे रखी गई है। जिसमें समस्त नगर वासी और गणमान्यजनों और मातृशक्ति को आमंत्रित किया गया है। मंदसौर शहर की समस्त धार्मिक, सामाजिक, रचनात्मक संस्थाओं के पदाधिकारी, सदस्यों एवं सभी समाज प्रमुखों एवं गणमान्यजनों, मातृशक्ति से अनुरोध है कि आज नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में आप सभी एक घण्टे का समय निकालकर अवश्य रूप से पधारे।

# नीलगाय की टक्कर से पिता पुत्र घायल

### बहन के मृत्यु भोज में शामिल होने शेरगढ़ आ रहे थे, तभी हादसा हुआ

**कुचड़ोद, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बहन के मृत्यु भोज में शामिल होने जा रहे भाई भतीजा, तभी सामने से अचानक निलगांय रोजड़े के अचानक सड़क पर सामने आने से पीता पुत्र दुर्घटना का शिकार हो गए।

प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार सुबह 9:30 के करीब अंचल के ग्राम शेरगढ़ में प्रजापत समाज के सामाजिक कार्यक्रम मृत्यु भोज का कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिए तितरोद निवासी धन्नालाल प्रजापत अपने पुत्र भंवरलाल के साथ मोटरसाइकिल से आ रहे थे। सातलखेड़ा के समीप सड़क पर अचानक सामने से निलगायों रोजड़ो के झुंड से एक निलगाय सामने आ गई। जिससे दोनों पिता पुत्र नीचे गिरकर घायल हो गए। जिन्हें सर में, पसलियों में एवं पैरों में चोटें आई। पीछे से आ रहे राहगीरों ने दोनों पिता पुत्र को उठाकर समीपस्थ ग्राम कुचड़ोद ले गए यहां दोनों का प्राथमिक उपचार करवाया। नीलगाय की टक्कर से मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। ज्ञात हो कि अंचल क्षेत्र में नीलगाय काफी तादात में हो गई। यह किसानों की फसलों में नुकसान करने के साथ ही सड़कों पर अचानक सामने आ जाने से इनके कारण बड़े हादसे भी हो रहे। कई ग्रामीण हादसे का शिकार हो चुके हैं। सरकार को इन रोजड़ो के विषय में कुछ करना होगा। अन्यथा आए दिन हादसे होते रहेंगे।

# गौमाता को दुर्घटना से बचाने हेतु जनकल्याण गौ रक्षा समिति ने चलाया रेडियम अभियान

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जनकल्याण गौ रक्षा समिति मन्दसौर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गौमाता के सींग पर रेडियम लगाने का अभियान का शुभारंभ 4 जनवरी को कियागया। इस अभियान के प्रथम दिन प्रतापगढ पुलिया से खानपुरा, धानमंडी क्षेत्र में करीब 60 से अधिक गायों को रेडियम लगाये गये जिनसे गौमाता के साथ होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आये।



उक्त जानकारी देते हुए जनकल्याण गौ रक्षा समिति के अध्यक्ष कपिल माली ने बताया कि आये दिन रात में वाहनों की टक्कर से गौमाता को चोट पहुंचती है। कारण यह होता है कि अंधेरे में वाहन चालक को गोमाता दिखाई देती और दुर्घटना हो जाती है। इससे कई बार वाहन को भी नुकसान होता है और वाहन सवार को भी चोट लगती है। इन सबसे बचाव हेतु जनकल्याण गौ रक्षा समिति विगत 6 वर्ष से गायों के सींग पर रेडियम लगाने का कार्य कर रहा है जिससे रात में वाहन की लाइट की रोशनी से गायों के सींग पर लगे रेडियम चमक उठेंगे और दुर्घटनाएं होने से बचेगी। श्री माली ने नागरिकों से भी अपील की है कि वह वाहन को ध्यान से चलाये जिससे गोमाता या अन्य पशु दुर्घटनाग्रस्त न हो। अगर गोवंश सड़क पर कहीं बैठा हो तो अपना दायित्व निभाते हुए उसे रास्ते से उठा देवे जिससे यातायात व्यवस्था भी बाधित नहीं होगी व गोवंश व राहगिरों का दुर्घटना का सामना नहीं करना पड़ेगा। श्री माली ने बताया कि प्रतिदिन समिति के सदस्य करीब 60-70 गायों को रेडियम लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान मंदसौर में चल रहा है उसके पश्चात् तहसील स्तर पर भी इस अभियान को चलाया जाएगा। इस अभियान में जनकल्याण गौ रक्षा समिति के संरक्षक भानुप्रतापसिंह सिसौदिया, सलाहकार दिलीप भावसार, अध्यक्ष कपिल माली, कोषाध्यक्ष रोहित देवड़ा, सहसचिव दीपक प्रजापत, गोपाल बैरागी, अशोक राव, प्रकाश ग्वाला, मंगल ग्वाला, कृष्णा सौलंकी, राजवीर ग्वाला, अनुजीत माली, नरेन्द्र माली, विवेक भावसार सहित सभी सदस्य सहयोग प्रदान कर रहे है।

# सीएमओ ने आकस्मिक निरीक्षण किया, दिये आवश्यक निर्देश

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीएमओ श्री सुधीर कुमार सिंह ने कल शुक्रवार को शा. कन्या महाविद्यालय के पास स्थित पामेचा कुआं क्षेत्र के आसपास



की खुली भूमि का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ श्री सिंह ने पाया कि यहां की बेशकीमती शासकीय भूमि पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने खम्भे रोप दिये है तथा भूमि पर भराव भी कर दिया हैं यह भूमि तेलिया तालाब से लगी हुई है। यहां भराव होने से किटयानी, शासकीय महाविद्यालय क्षेत्र का जो पानी तालाब की ओर जाता है उसकी निकासी बाधक हो सकती है। ऐसे में यहां की खुली भूमि पर अतिक्रमण होना चिंता का विषय है। ऐसे में यहां के अतिक्रमण को हटाने हेतु नपा के अधीनस्थ स्टाफ को निर्देशित किया और भूमि चूंकि शासकीय है उसका रखरखाव बेहतर तरीके से हो इसके लिये तहसीलदार व नायब तहसीलदार सहित राजस्व अमले को पत्र लिखने हेतु भी नपा अधिकारियों को निर्देशित किया। सीएमओ ने सुधीर कुमार सिंह ने इस क्षेत्र में बने दो नए मकानों के स्वामियों से भी मौके पर चर्चा की और नये बने मकानों के कागजी दस्तावेज दिखाने हेतु भी उन्हें कहा। दोनों मकान स्वामियों को शीघ्र ही कागजी दस्तावेज दिखाने का भी निर्देश दिया और कहा कि भूमि के संबंध में जो भी दस्तावेज भवन निर्माण अनुमति पत्र है नपा में प्रस्तुत करें यदि ऐसा नहीं करते है तो नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

# सीएम के आदेशों की नपा उड़ा रही है धज्जियां

### मटन, चिकन की दुकानों पर कोई कार्यवाही नहीं-बंसल

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक आदेश




पारित किया था कि खुले में मटन चिकन अंडों की दुकानें नहीं लगेगी परंतु मंदसौर में शुरुआत के दिन में मामूली धरपकड़ कर नगर पालिका की टीम ने अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। फोन करने व आने को कहने के बाद भी संबंधित अधिकारी उन नॉनवेज की दुकानों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

यह आरोप लगाते हुए पार्षद व समाजसेवी सुनील बंसल ने बताया कि मैंने नपा सीएमओ को अनेक बार फोन लगाएं उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। नगरपालिका एक्ट में स्पष्ट प्रावधान है नगर पालिका सीमा में नॉनवेज की दुकान चलाना प्रतिबंधित है। उनमें तो दुकान चल ही रही है उसके अलावा भी शहर में करीब करीब सभी जगह खुलेआम इस प्रकार का व्यवसाय किया जा रहा है। श्री बंसल ने बताया कि मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर नपा की इस दिशा में बढ़ती जा रही लापरवाही से अवगत कराया जाएगा।

## सिकुड़ गई धूप



शीत है प्रचण्ड
बच्चों की रूलाई
खीचो मत रजाई
कर दिया बहाना
आज नहीं नहाना
परिन्दे सब हैरान
छोड़कर बसेरा
एक सा उजास
कितना बड़ा सवेरा
बादलों ने तोड़ा
सूर्य का घमण्ड
सिकुड़ गई धूप
शीत है प्रचण्ड।

**नंदकिशोर राठौर, मंदसौर**

# कांग्रेस ने सदैव सनातन धर्म के कार्यों में विघ्न डालने का कार्य किया-डॉ. पाण्डेय

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्रीराम के अस्तित्व को नकारने वाली



कांग्रेस के लोग जब श्रीराम मंदिर बनने से नहीं रोक पाए तो अब येन-केन-प्रकारेण विघ्न कैसे डाला जाए, इसके लिए षड्यंत्र रच रहे हैं। ठीक उसी तरह जैसे त्रेता में संत महात्माओं के यज्ञ आदि पुण्य कार्यों में विंघ्न डालने के लिए राक्षस कुंड में हड्डियां डाल जाते थे।

उक्त बात राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन कार सेवा बलिदानी जत्थे के कारसेवक डॉ.रविन्द्र पाण्डेय ने कहते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह देश की राजनीति में विष घोलने का कार्य कर रहे हैं। देश में जब भी कुछ अच्छा होता है, वे विष उगलने लगते हैं। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण से दुनिया के जनमानस में खुशी की लहर है, पूरा देश गौरवान्वित है, लेकिन कांग्रेस व हिन्दू विरोधी नेताओं और खासकर दिग्विजय सिंह को पता नहीं क्यों अच्छा नहीं लग रहा है। इन नेताओं को सब पता है की मध्यकाल में किस तरह से हिंदुओं का विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं ने शोषण किया लूटपाट की और बड़े पैमाने पर धर्मांतरण किया उसके बाद भी राजनीतिक तुष्टिकरण के कारण राममंदिर व भगवान के लिए अनर्गल बयान दे रहे हैं। रविन्द्र पाण्डेय ने कहा कि संपूर्ण देश के अंदर अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर अपार उत्साह है लोग दीपावली पर जिस तरह से बड़े पैमाने पर तेयारी की जाती है खुशियां मनाई जाती है उसी तरह से श्रद्धालु जन तैयारी कर रहे हैं। आपने सनानतधर्मियों से आव्हान किया कि विघ्न कर्ताओं की बातों को अनदेखा व अनसुना कर भगवान श्री राम मंदिर महोत्सव को पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाये।

### नीमच जिले में न्याय की रफ्तार तेज हुई: 16 जज, 365 दिन और 1499 लंबित केसों का निपटारा...

# परिवार न्यायालय ने किया 100 प्रकरणों का निराकरण

### सर्वाधिक पुराने प्रकरणों के निराकरण में जिला न्यायालय द्वारा उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल

**नीमच, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में न्याय की रफ्तार तेज हुई है। जिले की अदालतों में सालों से लंबित 1600 मामलों में से 1499 केस महज 365 दिन में निराकृत किए गए हैं। इनमें परिवार न्यायालय नीमच द्वारा निराकृत किये गये 100 प्रकरण भी शामिल है। जबलपुर हाईकोर्ट की ओल्डेस्ट केस निराकरण स्कीम के तहत मुख्य न्यायाधिपति श्री रवि मलिमठ ने न्यायाधीशों को प्रति तिमाही में 25 पुराने केस के निराकरण का टास्क दिया था।

नीमच के 16 न्यायाधीशों ने अपने-अपने कोर्ट में सबसे पुराने केस निपटाने में रुचि ली तो 93 प्रतिशत केस निराकृत कर प्रदेश में नया कीर्तिमान रच दिया है। माननीय उच्च न्यातयालय जबलपुर के निर्देशानुसार जिले के 16 न्यामयालयों में प्रत्येक के 100-100 कुल 1600 सबसे पुराने चिन्हित प्रकरणों में से 1499 प्रकरणों का निराकरण विधिक प्रक्रियानुसार कर, 93 प्रतिशत उपलब्धी हांसिल की गई है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रत्येक त्रेमास में पुराने 25-25 प्रकरण, चार त्रेमास के कुल 100 प्रकरण, इस तरह एक वर्ष में जिले के 16 न्यायालयों व्दारा कुल 1600 चिन्हित प्रकरणों में से 1499 प्रकरणों को विधिपूर्वक शीघ्रता से निराकरण किया गया। शीघ्र न्याय प्रदान करने के उद्देश्य् एवं मुकदमें बाजी में लगने वाले समय एवं धन की बचत का संदेश देते हुए उक्तप प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जिससे सामाजिक सौहार्द बना रहे और इसी को ध्यान में रखते हुए जिला न्यायालय में कार्यरत प्रत्येसक न्यायालय के सर्वाधिक पुरानी अवधि के 100 प्रकरण प्रति न्यायालय के मान से कुल 1600 प्रकरण चिन्हित किए गए। इनमें से कुल 1499 प्रकरणों का विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए निराकरण किया गया, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 93 प्रतिशत है। जिला न्यायालय के न्यायाधीशगणों व्दारा उक्त प्रकरणों के सफलतापूर्वक निराकरण करने में विशेष रूप से दिन, रात अथक प्रयास एवं मेहनत की गई। जिले के अभिभाषकों, पक्षकारों व न्यायालयीन कर्मचारियों ने भी कडी मेहनत कर सहयोग प्रदान किया है। पुराने लंबित सम्पतिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के नियमित प्रकरणों के निर्धारित समयावधि में निराकरण के इस कार्य में जिला प्रशासन विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधिकारियों, अधिनस्थ आरक्षी केंद्र के प्रभारी तथा स्टाफ का भी सकारात्मंक सहयोग रहा है। प्रकरणों के निराकरण से लाभांवित हुए कुछ पक्षकारों का कहना है, कि पुराने लंबित प्रकरणों के निराकरण का यह अभियान निरंतर जारी रहना चाहिए। जिससे कि पक्षकारों को न्या य का लाभ मिल सके।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 134 | 25151 | 2568 |
| उडद | 43 | 5100 | 8330 |
| सोयाबीन | 5000 | 4200 | 4820 |
| गैहु | 2000 | 2381 | 3346 |
| चना | 59 | 4780 | 5171 |
| मसुर | 83 | 5200 | 5950 |
| धनिया | 206 | 5541 | 6701 |
| लहसुन | 206 | 5541 | 6701 |
| मैथी | 224 | 5199 | 6040 |
| अलसी | 1670 | 4831 | 5180 |
| सरसो | 283 | 4240 | 5050 |
| तारामीरा | 1 | 4481 | 4881 |
| इसबगोल | 16 | 9100 | 15500 |
| प्याज | 8500 | 315 | 1535 |
| कलोंजी | 34 | 6901 | 16399 |
| डॉलर | 8 | 7001 | 10250 |
| तिल्ली | 7 | 9300 | 15281 |
| मटरसुखी | 000 | 000 | 0000 |
| असालीया | 31 | 6000 | 8701 |






# राज्य स्तरीय बैंडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

**पहले दिन खेले गए 76 मैच, प्रदेशभर के खिलाडी नीमच आए, दिखाएंगे अपनी कला का जौहर**

**युवा समाजसेवी अरूल अशोक गंगानगर ने दीप प्रज्वलित कर किया चैम्पियनशिप का आगाज**

**नीमच, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय कश्मीरीलालजी अरोरा की स्मृति में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय बैंडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज शुक्रवार को शहर के गोमाबाई रोड स्थित लायंस क्लब और टाउन हॉल स्थित बैंडमिंटन हाल में शुरू हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ नीमच जिला बैंडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष अरूल अशोक गंगानगर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पहले दिन 76 मैच खेले गए। आगामी नौ जनवरी तक मैच की संख्या कम होती जाएगी और आखिरी दिन फायनल मैच होगा।

राज्य स्तरीय बैंडमिंटन प्रतियोगिता का पहली बार बडे स्तर पर नीमच में आयोजन हो रहा है। इस प्रतियोगिता के बाद नीमच की पहचान बैंडमिंटन के रूप में भी देश में होगी। शहर के स्थानीय खिलाडियों के अलावा समूचे प्रदेशभर के खिलाडी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। शुक्रवार को साढे नौ बजे बैंडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज हुआ। पंडित विक्रम शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ के मौके पर पूजा—अर्चना की गई। स्वर्गीय कश्मीरीलालजी अरोरा की प्रतिमा का युवा समाजसेवी अरूल अरोरा ने माल्यार्पण किया। शुभारंभ के मौके पर पहला मैच समाजसेवी अशोक अरोरा और उनके पुत्र अरूल अरोरा के बीच रौमांचक भरा रहा। इसके बाद बाहर से आए खिलाडियों के बीच मैच होना शुरू हुए। रात करीब आठ बजे तक मुकाबला हुआ। टाउन हाल में महिला वर्ग के बीच मुकाबला हुआ तो वहीं लायंस क्लब हाल में सिंगल व डबल पुरूष वर्ग का मैच हुआ। स्वागत भाषण बैंडमिंटन एसोसिएशन के सचिव दीपक श्रीवास्तव ने दिया। लायंस क्लब के सुनील शर्मा द्वारा सभी खिलाडियों का स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि बाहर से आए खिलाडियों के ठहरने की व्यवस्था लायंस क्लब के कक्षों में ही की गई है। मध्यप्रदेश के चैंपियन अमित राठौर, ऐश्वर्या स्वागत सोलंकी, यश रायकवार सहित कई बडे खिलाडी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे है। वहीं चीफ रैफरी भुसावल से बृजेश गौड, नेशनल अंपायर शिशिर खरे भी प्रतियोगितता के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

# जीवन को जश्न बनाकर सफल और सुखी जीवन के गुर सिखाएं बीके शक्तिराज ने




**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जीवन प्रबंधन की विशेषज्ञ अंतर्राष्ट्रीय वक्ता शिवानी दीदी के प्रेरणादाई उदबोधन के बाद भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में सफल और सुखी जीवन के गुर सिखा रहे है। मस्तिष्क की प्रोग्रामिग बताने वाले ब्रह्माकुमार शक्तिराज भाई। तीन दिवसीय विशेष आयोजन के पहले दिन स्थानीय कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम में कडाके की ठंड के बावजूद भी बड़ी संख्या में मंदसौर के प्रबुद्धजन पहुंचे और जीवन को जश्न बनाकर कैसे सफल और सुखी जीवन जीने के रहस्य को जाना।

शुक्रवार की अल सुबह कडाके की ठंड थी बावजूद इसके मंदसौर का कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम मंदसौर के प्रबुद्धजनों से खचाखच भरा हुआ था, शाम के सत्र में भी बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, पूरे पांडाल में खुशियों की बरसात हो रहीं थी, आनंद झलक रहा था। बी के शक्तिराज भाई बता रहे थे कि जीवन में तनाव, चिंता और अवसाद तो होता हीं नहीं है बल्कि यदि मनुष्य अपने मस्तिष्क की प्रोग्रामिक को सेट कर ले तो जीवन तो केवल खुशियों से हीं भरा हुआ है। उन्होंने विभिन्न कृियाओं के माध्यम से जीवन को आनंदमय बनाना सिखाया, इस दौरान पूरे पाडाल में मौजूद प्रबुद्धजन आनंद और खुशी से सराबोर हो रहे थे। कडाके की ठंड थी लेकिन ऑडिटोरियम में प्रेम, उमंग और उल्लास की बरसात हो रहीं थी। एक घंटे के इस विशेष सेमीनार में वहां मौजूद हर व्यक्ति चहक रहा था क्योंकि वह एक घंटे में ही यह जान चूका था कि वास्तव में जीवन तो खुशियों की बहार है, जीवन तो एक उत्सव है जिसे खुशियों के साथ जीकर जीवन यात्रा को सफल और यादगार बनाया जा सकता है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविघालय द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय विशेष सेमीनार के प्रथम दिन का शुभारंभ वरिष्ठ राजयोगिनी और मंदसौर में ब्हाकुमारीज को प्रारंभ कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाली कोटा की संचालिका बीके उर्मिला दीदी, बीके श्यामा दीदी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रदीप चेलावत, वरिष्ठसमाजसेवी दृष्ठनंद नेनवानी ,वरिष्ठ पत्रकार संजय लोढा, समाज सेवी संजय जैन ने दीप प्रज्ञवलन कर किया।

**दो दिन और चलेगा सेमीनार –** आत्म कल्याण भवन की संचालिका बीके उषा ने बताया कि जीवन को खुशियों से भरने के रहस्य को बताने वाले बीके शक्तिराजभाई का विशेष सेमीनार भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में दो दिन 6 और 7 जनवरी को भी स्थानिय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में सुबह 7.30 बजे से 9 बजे तक व सध्यां 6.30 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा। मंदसौर वासी सुबह या शाम अपनी सुविधानुसार किसी एक समय का चयन कर इस विशेष सेमीनार का लाभ प्राप्त कर अपने जीवन को खुशियों से भरने के रहस्य को जानकर अपनी जीवन यात्रा को तनाव मुक्त और खुशहाल बना सकते है। बीके उषा ने मंदसौर शहर वासियों से अपिल करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शहरवासी कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में पहुंचकर इस विशेष सेमीनार का लाभ प्राप्त करें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में वंचितों और गरीबों को मिल रहा योजनाओं का लाभ



**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सभी जनपदों में किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा ने जनपद पंचायत मंदसौर के ग्राम भोलिया, लदुसा, टोलखेडी एवं आधारी निरधारी, जनपद पंचायत मल्हारगढ में यात्रा मल्हारगढ के वार्ड नं. 11 शा.हा.से. स्कूल, गुडभेली एवं काचरिया चंद्रावत, नारायणगढ में वार्ड नं. 9 मांगलिक भवन, जनपद पंचायत गरोठ में यात्रा देवरी एवं पिछला, जनपद पंचायत भानपुरा में यात्रा कुंतलखेडी, ढाबलामोहन, जनपद पंचायत सीतामऊ में काचरिया, सेदराकरनाली, नाथूखेडी एवं ढोढर में भ्रमण किया। संकल्प यात्रा के दौरान पात्र व्यक्ति और गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यात्रा के दौरान संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीण इलाकों में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामित्वि, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना आदि की जानकारी देकर लाभ भी दिया गया । शहरी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर आदि के बारे में जानकारी देकर लाभ वितरित किया गया।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा आज इन गांवों में भ्रमण करेंगी–** विकसित भारत संकल्प यात्रा 6 जनवरी 2024 को यात्रा जनपद पंचायत मंदसौर के ग्राम बाग्या, बाबरेचा, रिच्छाबच्चा एवं फतेहगढ़, जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में यात्रा ढिकनिया एवं बाबुखेड़ा, पिपलियामंडी में वार्ड नं. 15 गांधी चौराहा, जनपद पंचायत गरोठ में यात्रा बर्डियापूना, मेलखेड़ा एवं गरोठ में वार्ड नं. 11 शहीद चौक, जनपद पंचायत भानपुरा में यात्रा बाबुल्दा एवं कुकडेश्वरा, जनपद पंचायत सीतामऊ में मोरखेड़ा, सूरखेडा, कानाखेड़ा एवं जगदी में भ्रमण करेंगी।

# राज्यपाल मंगुभाई पटेल जमुनिया कला में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे

**कलेक्टर ने की महामहिम राज्यपाल के कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा**



**नीमच, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.शासन के महाक्महिम राज्य पाल श्री मंगुभाई पटेल नीमच जिले के ग्राम पंचायत मुख्यारलय जमुनिया कलां में 8 जनवरी 2024 सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे। महामहिम राज्यपाल के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्टंर श्री दिनेश जैन की अध्य क्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई। बैठक में एडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिह सिसोदिया एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने महामहिम राज्य पाल के ग्राम जमुनिया कलां में प्रस्तावित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपा कलेक्टर ने कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध एवं व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर बैठक की व्यवस्था, एलईडी की व्यवस्था, मंच व्यवस्था, मय चिकित्सा दल के एम्बुलेंस की व्यवस्था, ग्रीन रूम की स्थापना आदि व्यवस्थाओं, प्रबंधों की समीक्षा की और विभिन्न अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सभी नोडल अधिकारियों को प्रस्तावित कार्यक्रमों का मिनिटटूमिनिट कार्यक्रम तैयार कर, प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों का समय–सीमा में निवर्हन करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम जमुनियाकलां में कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य, आयुष, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, कृषि, उद्यानिकी एवं उद्योग विभाग अपने विभाग की योजनाओं और उपलब्धि पर आधारित स्टॉल एवं प्रदर्शनी भी लगाऐंगे। इस मौके पर महामहिम राज्यपाल द्वारा जिले में प्रस्तावित बी.पी. जांच अभियान के पोस्टर का विमोचन कर, बी.पी.जांच के अभियान का शुभांरभ भी करेंगे। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकरियों को अपने विभाग से संबंधित हितग्राहिमूलक योजनाओं के 5-5 हितग्राहियों को चयनित कर, कार्यक्रम में लाभपत्र वितरीत करवाने के निर्देश भी दिए।

## प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प में कोई विकल्प नहीं



**लूनाहेड़ा, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** समीपस्थ गांव गुडभेली बडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। आयोजित शिविर में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी पहुंचें । शिविर में हितग्राहियों ने अपने-अपने आवेदन दिए। जहां पर समस्याओं का तुरंत निराकरण करने का प्रयास संबंधित विभागों द्वारा किया गया। इस दौरान यात्रा प्रभारी राजु जाट ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों मिले। मंडल अध्यक्ष सामंत सिंह शक्तावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प में कोई विकल्प नहीं होता, जब से प्रधानमंत्री मोदी जी बने हैं, तब से ही भारत विकसित राष्ट्र की ओर बढा है।

इस दौरान सभी अतिथियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार रखें। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर यात्रा प्रभारी राजु जाट, राधेश्याम चौहान जनपद सदस्य, महेश पाटीदार, सरपंच भेरूलाल मालवीय, सरपंच ईश्वरलाल धनगर, विकास धनगर, जगदीश मालवीय, मनोज शुक्ला, कन्हैयालाल पाटीदार, सचिव अशोक जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं हितग्राही मौजूद थे।

## निर्वाचन नामावली के प्रारूप प्रकाशन संबंधी बैठक आज

**नीमच, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन के तहत निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय व्दा रा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आज 6 जनवरी 2024 को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई है। कलेक्टकर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन की अध्यीक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले के मान्यटता प्राप्त सभी राजनैतिक दलों के अध्यअक्ष एवं प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित होने का आगृह उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू ने किया है।

## जिले में थानों और चौकियों की सीमाओं का निर्धारण करेगी कलेक्टर समिति

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शासन ने आदेश जारी कर जिले में थानों और चौकियों की सीमाओं के निर्धारण का अधिकार जिला कलेक्टर समिति को दे दिया है। गुरुवार को गृह विभाग से जारी आदेश में सीमाओं के पुनर्निर्धारण की कार्यवाही आगामी 15 जनवरी तक करने के निर्देश दिये गये हैं। आदेश में थानों और चौकियों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के संबंध में अनुभाग और जिला स्तर पर बैठकें आयोजित कर जन-प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से सुझाव प्राप्त करने के निर्देश दिये गये हैं। सचिव गृह ने 30 जुलाई, 2010 के निर्देशानुसार गठित समिति को थानों और चौकियों का पुनर्निर्धारण लोकहित में युक्ति-संगत तरीके से करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न जिलों में नये थानों का सृजन किया गया है। सृजन के बाद थानों की सीमाओं को युक्ति-संगत बनाने के लिये पुनर्निर्धारण की आवश्यकता है। निर्देशानुसार 7 फरवरी, 2024 तक सीमा पुनर्निर्धारण संबंधी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना को गृह विभाग के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है।

## फर्जी प्रमाण-पत्र बनवाकर दो भाईयों ने की धोखाधड़ी

**भानपुरा, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भैसोदा मंडी चौकी पुलिस ने फर्जी प्रमाण-पत्र बनाकर लोन लेने वाले दो भाईयों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। चौकी प्रभारी कपिल सौ राष्ट्रीय के मुताबिक, 2 जनवरी को सीएमओ खेमचंद पिता सुंदर लाल मुसले ने शिकायत दर्ज कराई थी। फिनोवा कैपिटल फाइनेंस बैंक के एजेंट दिनेश राठोर रगसपुरिया गांव के भवानी लाल व गजानंद पिता मथुरा लाल खारोल का एक एनओसी का सत्यापन करवाने के लिए आए थे। जांचने पर पता चला कि जिस प्रमाण पत्र का सत्यापन करना है, वह नकली है। इसके बाद सीएमओ मुसले इसकी शिकायत पुलिस को की थी। पुलिस ने मामले में जांच में पाया कि भवानीलाल पिता मथुरा लाल खारोल और गजानंद पिता मथुरा लाल खारोल निवासी रगस पुरिया दोनों भाइयों की ओर से फर्जी हस्ताक्षर व फर्जी सील का इस्तेमाल कर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर उसका उपयोग बैंक से लोन लेने के लिए किया है। मामले में पुलिस ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## शुक्रवार सुबह रहा बादलों का डेरा

**गुरुवार को हल्की राहत के बाद शुक्रवार को बादल छाए रहे, पर सूर्य के भी हुए दर्शन**

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार रात 10 बजे से ही कोहरे की दस्तक शुरू हो गई थी। शुक्रवार सुबह 9 बजे तक कोहरा छाया रहा। कुछ देर के लिए सूर्य देव के दर्शन हुए लेकिन, जल्द ही वे फिर बादलों में छुप गए। विजिबिलिटी घटकर 200 से 500 मीटर तक रही। मौसम बदलने से दिन के तापमान में 2-3 डिग्री तक कि गिरावट आई है। जिले में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

मौसम विभाग ने जिले में बारिश की सम्भावना जताई है। अगले दो तीन दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा। मौसम जानकारों के अनुसार वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते मौसम में बदलाव आया है। प्रदेश के 21 जिलों में बारिश का अनुमान है। अगले दो तीन दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा, इसके बाद राहत मिलेगी।

## पढ़े मंदसौर अभियान का आयोजन आज से

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में पढ़े मंदसौर अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान 6 जनवरी 2024 से 20 अप्रैल 2024 तक आयोजित होगा। अभियान के तहत विभिन्न कक्षाओं व आयु स्तर के अनुसार बच्चों को पठन-पाठन की गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी। इस हेतु प्रतिदिन भाषा की विभिन्न विधाओं जैसे चित्रपठन, कविता, कहानी, पत्र, नाटक आदि पर पठन गतिविधियाँ संचालित की जायेगी।

## गणतंत्र दिवस संबंधी बैठक 9 को

**नीमच, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन की अध्यक्षता में 26 जनवरी 2024 के गणतंत्र दिवस समारोह संबंधी बैठक 9 जनवरी 2024 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में दोपहर 1.30 बजे जनसुनवाई के पश्चांत आयोजित की गई है। एडीएम सुश्री नेहा मीना ने सभी अधिकारियों को उक्त बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

## अनुराग जनजागरण पदयात्रा कल

**मंदसौर, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन के लक्ष्य को लेकर मन्दसौर नगर से अनुराग (प्रेम) रखने वाले गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में पदयात्रा निकाली जाएगी। प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा दिनांक 7 जनवरी 2024, रविवार को प्रात: ठीक 8.30 बजे सत्संग भवन, प्रतापगढ़ रोड, खानपुरा से प्रारम्भ होकर प्रतापगढ़ रोड, दादावाडी, कमल चौक, बड़ा मंदिर, भावसार विद्यालय, खानपुरा क्षेत्र में भ्रमण करेगी। पैदल चलने में असमर्थ महानुभाव प्रात: 9 से 9.15 के मध्य एकत्रीकरण स्थल सत्संग भवन, प्रतापगढ़ रोड, खानपुरा में पधारकर आमजन हित के इस अभियान को अपना नैतिक समर्थन अवश्य प्रदान करें।

**नाबालिग को अहमदाबाद... पेज 1 से जारी**

सूचनाकर्ता के रिश्तेदारों की मदद से सूचना संकलन कर अपने व्यवसायिक कौशल एव सायबर सेल मन्दसौर की सहायता से नाबालिग बालिका को अहमदाबाद से दस्तयाब किया। मामले में आरोपी महेश पिता भैरुलाल माली निवासी लदुना को गिरफ्तार किया गया है। अपहृत बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाकर परिजनो के सुपूर्द किया गया।

**टायर की दुकान में लगी... पेज 1 से जारी**

फटा व जमीन के अंदर घुस गया। सिलेंडर का ऊपरी हिस्सा मौके पर नहीं था। यह तो गनीमत रही कि उस समय दुकान दार नयागांव सब्जी लेने गया था। दुकानदार मकसूद ने बताया कि दुकान में घर पर भेजने के लिए नगद रुपए लाया था। वह भी जलकर राख हो गए। मकसूद जो कपड़े पहने हुए था, वह बचे है। बाकि कुछ नहीं बचा। सूचना पर नगर परिषद नयागांव व विक्रम सीमेंट की दमकल ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

# लाड़ली बहना योजना के लिए बजट का अभाव जैसे-तैसे हुई आठवीं किश्त की व्यवस्था

**भोपाल, 5 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पूर्ववर्ती शिवराज सरकार में लागू हुई लाडली बहना योजना के लिए बजट का अभाव बना हुआ है और इसकी वजह से वित्तीय चुनौती बढ़ी हुई है। दिसंबर, 2023 में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद जनवरी में दी जाने वाली योजना की आठवीं किस्त की व्यवस्था जैसे-तैसे हो पाई है। वित्त विभाग ने महिला एवं बाल विकास विभाग को किस्त की राशि 1,596 करोड़ रुपये जारी कर दी है।

10 जनवरी को लाड़ली बहनों के खाते में 1,250 रुपये के हिसाब से यह राशि अंतरित की जाएगी, लेकिन फरवरी की किस्त को लेकर विभाग अभी से चिंतित है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने वित्त विभाग से फरवरी की किस्त जारी करने के लिए बजट मांगा है। इधर, वित्त विभाग पहले ही 38 से अधिक योजनाओं में बिना अनुमति के वित्तीय आहरण पर रोक लगा चुका है।

**30 लाख लाड़ली बहने–** लाड़ली बहना योजना की पहली किस्त मई, 2023 में जारी की गई थी। तब से अब तक आठ किस्त जारी की जा चुकी है। मध्य प्रदेश में योजना की शुरुआत में एक करोड़ 31 लाख लाड़ली बहना थीं। इनमें कुछ की मृत्यु होने या 60 साल से अधिक होने के कारण हितग्राहियों की संख्या कुछ घटकर एक करोड़ 30 लाख हो गई है। बता दें, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मई में लाड़ली बहना योजना की शुरुआत की थी, जिसमें 1000 रुपये प्रतिमाह से धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 हजार रुपये देने की घोषणा की गई थी। इसमें छठवीं किस्त में लाड़ली बहनों के खाते में 1,250 रुपये अंतरित किए गए थे। इसके बाद से इतनी ही राशि दी जा रही है।

**लाड़ली बहनों को जोड़ने पर रोक–** चुनाव के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा में कहा था कि लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जो बहनें आवेदन करने से चूक गई, उनके लिए भाजपा सरकार बनने के बाद तीसरा चरण शुरु किया जाएगा। इसके तहत 21 से 23 वर्ष की छूटी हुई लाड़ली बहनें या फिर जिनके पास ट्रैक्टर नहीं है या जिनकी उम्र 24 से 60 के बीच है, उन्हें शामिल किया जाएगा, लेकिन नई सरकार ने फिलहाल योजना में नई लाड़ली बहनों को जोड़ने पर रोक लगा रखी है। यह अभियान चुनाव के बाद चलाया जाना था, लेकिन मुख्यमंत्री का चेहरा बदलने के बाद नई सरकार में नए समीकरण बनने से योजना में नए पात्र नहीं जोडे जाएंगे।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मन्दसौर

दूरभाष क्रमांक-07422-256284, फेक्स-07422-255215,
महू नीमच रोड, शासकीय महाविद्यालय के पास, मंदसौर E-mail -: eephedmas@mp.nic.in

NIT NO-12/2023-24

क्रमांक 36/व.ले.लि./का.यं./2024 मंदसौर दिनांक-03.01.2024

निम्नलिखित कार्य की निविदा आमत्रण सूचना वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर प्रदर्शित की गई है। टेण्डर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

| टेण्डर आई. डी.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | 1 अर्नेस्टमनी (रु. में) 2 आमंत्रण क्रं. | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PHED_324302_1 | Hire charges of inspection Vehicle including driver but excluding POL (Petrol) for Year 2023-24 forsuper vision and inspection and physical verification of various constructions work in Distt Mandsaur Vehicle Model-2020 Make-Mahindra Scorpio, Mahindra TUV T8. Mahindra Bolero, Mahindra Xylo, etc. (6+1 Seater vehicle and power steering, power window should be) For Assistant Engineer Public Healt Engineering Department Sub- Division Mandsaur Distt Mandsaur As per BOQ) | 293000.00 | 1. 5860.00 2. प्रथम आमंत्रण | 365 दिवस | 19.01.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED_324320_1 | Hire charges of inspection Vehicle including driver but excluding POL (Petrol) for Year 2023-24 forsuper vision and inspection and physical verification of various constructions work in Distt Mandsaur Vehicle Model-2020 Make-Mahindra Scorpio, Mahindra TUV T8. Mahindra Bolero, Mahindra Xylo, etc. (6+1 Seater vehicle and power steering, power window should be) For Assistant Engineer Public Healt Engineering Department Sub- Division Bhanpura Distt Mandsaur As per BOQ) | 293000.00 | 1. 5860.00 2. प्रथम आमंत्रण | 365 दिवस | 19.01.2024 17.30 तक |

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाईन उक्त वेबसाईट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

(पी.के.गोगादे)
कार्यपालन यंत्री लोक स्वा.यां.खंड मंदसौर
मोबाईल नंबर 07422232190

G-22628/23 पहला डोज रक्षा, दूसरा डोज सुरक्षा


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in